पाक्षिक

खबर आस पास
RNI REGISTERED

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : मंगलवार 07 जुलाई 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

## पति को मारकर गाड़ा, 500-रुपए में सीमेंट का प्लास्टर करवाया:जेठ ने पूछा तो बोली- बागेश्वर धाम गए होंगे; आश्रम में ढूंढते रहे परिजन

**भरतपुर कासं।** पति की हत्या कर बॉडी बाथरूम में गाड़ने वाली रूबी लगातार झूठ बोल रही थी। हर दिन कोई नया बहाना करती और रोने लग जाती।

पूछताछ में सामने आया है कि रूबी का पति सुरेंद्र शर्मा (44) अक्सर बागेश्वर धाम जाता रहता था। ऐसे में रूबी से जब जेठ अनिल शर्मा ने सुरेंद्र के बारे में पूछा तो उसने कहा था कि हो सकता है वो बागेश्वर धाम गए हों।

अनिल ने पुलिस को बताया कि इसके बाद हम सुरेंद्र को ढूंढने बागेश्वर धाम भी गए, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

वहीं, बाथरूम का प्लास्टर करने वाला मिस्त्री भी सामने आया है। उसने कहा- मुझे 500 रुपए देकर रूबी ने अर्जेंट सीमेंट का प्लास्टर करने को कहा था। जब मैं गया तो वहां प्लास्टर से पहले मिट्टी और कंक्रीट का मलबा समतल किया हुआ था।

**ब्रीफ में जान लीजिए पूरा मामला**

घटना आगरा के सिकंदरा थाना क्षेत्र की रेणुका धाम कॉलोनी की है। 17 मई को हुए इस हत्याकांड का खुलासा 3 जुलाई को हुआ था।

रूबी ने 17 मई की रात को पति सुरेंद्र को डेढ़ दर्जन से ज्यादा नींद की गोलियां खीर में मिलाकर खिलाई थीं। पति की हत्या के बाद रूबी बॉडी को घसीटकर बाथरूम में ले गई थी।

इसके बाद हथौड़ी-छेनी से बाथरूम के फर्श पर 3 फीट गहरा गड्ढा कर पति को गाड़ दिया था। ऊपर से सीमेंट का प्लास्टर करवाया और इसी बाथरूम में नहाती रही ताकि किसी को शक न हो।

जेठ की शिकायत पर पुलिस ने सर्च किया तो सुरेंद्र की सड़ी-गली लाश मिली। पुलिस ने रूबी को गिरफ्तार कर लिया। अभी रूबी 14 दिन की रिमांड पर है।

आरोपी रूबी उत्तर प्रदेश के इटावा की रहने वाली है। वहीं, मृतक सुरेंद्र राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला था।

# पांचना बांध के 3 गेट खोलकर की पानी की निकासी

### मंत्री रावत और बेढम ने दबाया बटन, 20 साल पुराना विवाद हुआ खत्म, लिफ्ट परियोजनाओं का भी शिलान्यास




**करौली कासं।** करौली जिले में पांचना बांध के 3 गेट खोलकर पानी की निकासी सोमवार को की गई। जल संसाधन व सिंचाई मंत्री सुरेश रावत, गृह राज्य मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने बटन दबाकर बांध के गेट खोले। बांध के 3 गेट खोलकर गंभीर नदी में पानी की निकासी शुरू की गई।

चाबी से गेट खोलकर बांध की नहरों में पानी छोड़ा गया। इसके साथ ही गुडला पांचना लिफ्ट में भी बटन दबाकर पानी छोड़ने की शुरुआत की गई।

इस तरह पांचना बांध से एक साथ 3 क्षेत्रों में पानी की निकासी शुरू की गई। इसके साथ ही बांध से जुड़ा पानी निकासी का 20 साल पुराना विवाद भी खत्म हो गया।

**लिफ्ट परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया**

इससे पहले बांध से पानी निकासी के लिए 2 नई लिफ्ट परियोजनाओं और गुड़ला लिफ्ट परियोजना की पीडीएन सिस्टम रिमॉडलिंग का शिलान्यास भी किया गया। इन परियोजनाओं पर 61 लाख रुपए की लागत आएगी।

इस दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर समेत कई जनप्रतिनिधि और लोग समारोह में मौजूद रहे। यह समारोह पहाड़ी गांव स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव कृष्ण कुणाल, संभागीय आयुक्त नलिनी कठैतिया, आईजी कैलाश बिश्नोई, कलेक्टर अक्षय गोदारा और एसपी लोकेश सोनवाल भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पांचना गुडला संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक धाबाई और जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता भुवन भास्कर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह, भाजपा की करौली-धौलपुर लोकसभा प्रत्याशी रहीं इंदु देवी और पूर्व विधायक हिंडौन राजकुमारी भी मौजूद रहे।

**बांध पर किया पौधारोपण**

पांचना बांध के गेट खोलने के बाद बांध पर पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, गृह राज्य मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने बांध पर पौधे भी लगाए।

**20 साल पुराना विवाद खत्म**

गंभीरी नदी में पानी की निकासी शुरू करने के बाद चाबी से गेट खोलकर बांध की नहरों में पानी छोड़ा गया।

इसके साथ ही गुडला पांचना लिफ्ट में भी बटन दबाकर पानी छोड़ने की शुरुआत की गई।

इस तरह पांचना बांध से एक साथ 3 क्षेत्रों में पानी की निकासी शुरू की गई।

इसके साथ ही बांध से जुड़ा पानी निकासी का 20 साल पुराना विवाद भी खत्म हो गया।

## सरकारी हॉस्पिटल में पंखा और प्लास्टर गिरा,डॉक्टर का सिर फटा

### महिला मरीज पर भी मलबा गिरा, पीएमओ बोलीं- बजट होने के बावजूद विभाग ने मरम्मत नहीं करवाई

**अलवर कासं।** अलवर के सेटेलाइट हॉस्पिटल में सोमवार सुबह छत का प्लास्टर और पंखा डॉक्टर और महिला मरीज पर गिर गया। इससे डॉक्टर का सिर फट गया। वहीं, महिला को भी गंभीर चोट लगी। घटना हॉस्पिटल के ओपीडी रूम नंबर-7 की है। जहां सीनियर डॉक्टर सीताराम अग्रवाल मरीजों को देख रहे थे। घायल सीनियर डॉक्टर सीताराम अग्रवाल ने बताया- सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक महिला मरीज की जांच कर रहा था। इसी दौरान अचानक छत से मोटा प्लास्टर और पंखा गिर गया। हादसे के बाद मैं और मरीज बड़ी मुश्किल से बाहर निकल पाए। मेरा सिर फट गया, जिसके कारण कई टांके लगाने पड़े।

**महिला की नाक पर तीन टांके आए**

पीएमओ डॉ. प्रमीला मीणा ने बताया- हादसे के समय टीना (25) नाम की महिला थायरॉयड की जांच कराने आई थी। टीना मूल रूप से लक्ष्मणगढ़ की रहने वाली है। अभी कालाकुआं क्षेत्र में रहती है। उसकी नाक पर गंभीर चोट आई है, तीन टांके लगे हैं। इसके अलावा उसके दाहिने हाथ और पैर में भी गंभीर चोट आई है। प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डॉक्टर सीताराम अग्रवाल का इलाज अस्पताल में ही जारी है। डॉ. प्रमीला मीणा ने बताया- अस्पताल भवन की जर्जर स्थिति को लेकर पिछले करीब 10 महीनों से सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को लगातार पत्र लिखे जा रहे हैं। करीब चार महीने पहले मरम्मत कार्य के लिए लगभग 15.5 लाख रुपए भी स्वीकृत कराकर विभाग को भेज दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद मरम्मत नहीं कराई गई।

**अलवर सैटेलाइट चिकित्सालय में प्लास्टर गिरने का मामला**

### राज्य सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया, जिला कलेक्टर से ली तथ्यात्मक रिपोर्ट

**अतिरिक्त मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी को शीघ्र मरम्मत व लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हेतु लिखा पत्र**

**जयपुर।** अलवर के काला कुआँ स्थित राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय में प्लास्टर गिरने की घटना को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रीमती गायत्री राठौड़ ने प्रकरण पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट ली है। साथ ही अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग को मरम्मत कार्य एवं दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने बाबत पत्र लिखा है। श्रीमती गायत्री राठौड़ ने कहा कि मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी राजकीय चिकित्सालयों के भवनों की नियमित समीक्षा की जाए और जहां भी मरम्मत या संरचनात्मक सुधार की आवश्यकता हो, वहां संबंधित विभागों के समन्वय से समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सालय भवन का निर्माण वर्ष 1990 से 2023 के बीच विभिन्न चरणों में दानदाताओं एवं अन्य माध्यमों से कराया गया था। भवन के पुराने हिस्से में लंबे समय से मरम्मत की आवश्यकता थी।भवन की जर्जर स्थिति के संबंध में चिकित्सा विभाग ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को कई बार पत्र लिखे थे।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय, काला कुआँ द्वारा 4 अगस्त 2025, 25 अगस्त 2025, 4 सितम्बर 2025, 24 फरवरी 2026, 18 मई 2026, 8 जून 2026 और 29 जून 2026 को अधिशासी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अलवर को मरम्मत के लिए पत्र भेजे गए थे। मरम्मत हेतु आवश्यक राशि का भुगतान भी चिकित्सा विभाग द्वारा कर दिया गया था।

घटना में एक चिकित्सक और एक महिला मरीज को हल्की चोटें आईं। दोनों को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया और उनकी स्थिति सामान्य है।

## जोधपुर में तेज बारिश, सीकर पानी-पानी: जयपुर में पेड़ टूटे, कई जिलों में 2 इंच पानी बरसा; 5 दिन भारी बरसात की चेतावनी

**जयपुर कासं।** राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में मानसून सक्रिय हो गया है। जोधपुर में सोमवार दोपहर करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई। जलभराव के कारण शहर की कई सड़कें दरिया बन गईं।

सीकर जिले में भारी बरसात से हालात बिगड़े हैं। शहर के प्रमुख इलाकों में 1 से 3 फीट तक पानी भर गया है। इसके कारण बाइक सवार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी भरने से रास्ते भी बंद हुए हैं।

जयपुर में देर रात हुई तेज बारिश के कारण कई सड़कें धंस गई हैं, जगह-जगह बड़े पेड़ भी टूटे हैं। सड़कों पर भारी जलभराव होने के कारण वहां खड़ी कारों के पहिए तक पानी में डूब गए। बीते 24 घंटे में सवाई माधोपुर सहित कई जिलों में भी 2 इंच से ज्यादा पानी बरसा है।

मौसम विभाग के अनुसार मानसून की सबसे ज्यादा एक्टिविटी उदयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग में नजर आ रही है। रविवार को भी इन संभाग के जिलों में अच्छी बरसात हुई। राजस्थान के कई इलाकों में अगले 4-5 दिनों तक भारी बरसात की आशंका है।

**गर्मी-बारिश के बड़े अपडेट्स**

जयपुर में अब तक सामान्य से ज्यादा बरसातः सीकर में रविवार देर रात शुरू हुआ बारिश का दौर सोमवार सुबह तक जारी रहा। यहां कुछ घंटों में 29 मिमी. से जयादा पानी बरसा है। शहर के प्रमुख सड़कें पानी में डूब गई हैं। जयपुर में रातभर रुक-रुककर बरसात हुई। राजधानी के मानसरोवर और गोपालपुरा इलाकों में सड़कें धंसने से 8 से 10 फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। जगह-जगह पेड़ भी टूटे हैं।

भराव क्षमता का 67 प्रतिशत जलस्तरः बीसलपुर बांध में पानी की आवक शुरू हो गई है। बांध के भीलवाड़ा और टोंक जिले में स्थित कैचमेंट एरिया में पिछले चार दिन से बारिश होने से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बांध में 20 सेमी पानी आया है। वर्तमान में बांध का जलस्तर 313.66 आरएल मीटर यानी कुल भराव क्षमता का 67 प्रतिशत हो गया है।

अगले 5-6 दिन सक्रिय रहेगा मानसूनः राधेश्याम शर्मा ने बताया- इस नए वेदर सिस्टम के असर से राज्य के पूर्वी भागों में आगामी 5-6 दिनों तक मानसून पूरी तरह सक्रिय रहेगा। इसके प्रभाव से हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

जयपुर में अब तक सामान्य से ज्यादा बरसातः सीकर में रविवार देर रात शुरू हुआ बारिश का दौर सोमवार सुबह तक जारी रहा। यहां कुछ घंटों में 29 मिमी. से जयादा पानी बरसा है। शहर के प्रमुख सड़कें पानी में डूब गई हैं। जयपुर में रातभर रुक-रुककर बरसात हुई। राजधानी के मानसरोवर और गोपालपुरा इलाकों में सड़कें धंसने से 8 से 10 फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। जगह-जगह पेड़ भी टूटे हैं।

भराव क्षमता का 67 प्रतिशत जलस्तरः बीसलपुर बांध में पानी की आवक शुरू हो गई है। बांध के भीलवाड़ा और टोंक जिले में स्थित कैचमेंट एरिया में पिछले चार दिन से बारिश होने से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बांध में 20 सेमी पानी आया है। वर्तमान में बांध का जलस्तर 313.66 आरएल मीटर यानी कुल भराव क्षमता का 67 प्रतिशत हो गया है।

अगले 5-6 दिन सक्रिय रहेगा मानसूनः राधेश्याम शर्मा ने बताया- इस नए वेदर सिस्टम के असर से राज्य के पूर्वी भागों में आगामी 5-6 दिनों तक मानसून पूरी तरह सक्रिय रहेगा। इसके प्रभाव से हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

## सिया ने केतन मर्डर से पहले राजा रघुवंशी केस पढ़ा

### मोबाइल हिस्ट्री से पता चला; यह भी जाना- क्या कस्टडी में महिला से मारपीट होती है

**पुणे एजेन्सी।** पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड की मुख्य आरोपी सिया गोयल ने वारदात से पहले इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड की जानकारी जुटाई थी।

पुलिस के मुताबिक सिया ने इंटरनेट पर यह भी सर्च किया था कि क्या पुलिस कस्टडी में महिलाओं के साथ मारपीट होती है। यह पूरी जानकारी सिया के दोनों मोबाइल की सर्च हिस्ट्री से मिली।

पुलिस 2 दिन पहले सिया को उसके घर लेकर गई थी, जहां उसके बेडरूम से दूसरा मोबाइल भी जब्त किया है। घटना वाले दिन के कुछ चश्मदीद भी मिले हैं, जिनके बयान जांच को और मजबूत कर रहे हैं।

आरोप है कि 18 जून को सिया और चेतन ने केतन को पुणे के लोहगढ़ किले से 400 फीट गहरी खाई में धक्का दे दिया था। फिलहाल दोनों 16 जुलाई तक येरवदा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं।

### केतन के पिता से बोली सिया- हिम्मत रखिए, केतन हमें ऊपर से देख रहा है

पुलिस के अनुसार घटना के अगले ही दिन यानी 19 जून को सिया केतन के घर पहुंची और उसके पिता को सांत्वना देते हुए कहा, 'केतन हमें ऊपर से देख रहा है, हिम्मत रखिए।' जांच में सामने आया कि 18 से 23 जून तक दोनों आरोपी सामान्य जिंदगी जीते रहे। गिरफ्तारी के बाद भी उनके चेहरे पर पछतावा नहीं दिखा।

पुलिस की जांच में यह भी पता चला कि केतन की हत्या का दूसरा आरोपी चेतन चौधरी एक ही मोबाइल में दो नंबर इस्तेमाल कर सिया से कोड वर्ड में बात करता था।

## पीएम मोदी इंडोनेशिया रवाना, सबसे बड़े हिंदू मंदिर जाएंगे: राष्ट्रपति सुबियांतो से रु 2,500 करोड़ की ब्रह्मोस डील पर करार संभव

**नई दिल्ली एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंडोनेशिया दौरे पर रवाना हो गए हैं। वह राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात करेंगे। साथ ही इंडोनेशिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर परिसर प्रम्बानन मंदिर भी जाएंगे।

इस दौरे पर राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय बैठक में करीब रु. 2,500 करोड़ की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर मुहर लगने की संभावना है।

इसके अलावा रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, निवेश, डिजिटल सहयोग और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में साझेदारी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। दोनों नेता कई द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं।

दोनों देशों के बीच पिछले कुछ सालों में रक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी और समुद्री सुरक्षा में सहयोग लगातार बढ़ा है। इस यात्रा का उद्देश्य रणनीतिक साझेदारी को नई गति देना माना जा रहा है।

**मोदी का इंडोनेशिया का यह तीसरा दौरा**

पीएम मोदी इससे पहले दो बार इंडोनेशिया का जा चुके हैं। पहला दौरा मई 2018 में हुआ था। इस दौरान दोनों देशों ने संबंधों को कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा दिया। रक्षा, समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, व्यापार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी समेत 15 से ज्यादा समझौतों पर सहमति बनी। इसी यात्रा में दोनों देशों ने साझा समुद्री दृष्टिकोण को भी आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

इसके बाद मोदी सितंबर 2023 में जकार्ता में आयोजित 20वें आसियान (ASEAN)-भारत और 18वें ईस्ट एशिया समिट में शामिल होने इंडोनेशिया पहुंचे थे।

## टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस, नांदेड-मुंबई एक्सप्रेस तथा टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन सेवा का शाहजहाँपुर तक विस्तार का शुभारंभ

**बरेली एजेन्सी:** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने 06 जुलाई,2026 को टनकपुर, नांदेड एवं पीलीभीत स्टेशन से टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस, नांदेड-मुंबई एक्सप्रेस तथा टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन सेवा का शाहजहाँपुर तक विस्तार का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। समारोह को सम्बोधित करते हुये केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नांदेड के धार्मिक महत्व एवं जन भावनाओं को देखते हुए टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस एवं नांदेड-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेनों के संचलन को स्वीकृति प्रदान की गयी और आज इन गाड़ियों का संचलन प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आज टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन सेवा का शाहजहाँपुर तक विस्तार का शुभारंभ किया जा रहा है।

# साहित्यकार किरण राजपुरोहित को पीएचडी की उपाधि

## राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यता विषयक राजनीतिक अध्ययन शोध पर दी गई डाक्ट्रेट की यह उपाधि

**बीकानेर/श्रीडॅगरगढ़ (खबर आस पास)।** राजस्थानी की प्रख्यात साहित्यकार और लोक चेतना की प्रहरी राजस्थली के संपादक मण्डल की सदस्या किरण राजपुरोहित 'नितिला' को माधव विश्वविद्यालय ने पीएचडी पूर्ण करने पर डाक्ट्रेट की उपाधि से अलंकृत किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए मरूभूमि शोध संस्थान के कार्यालय सचिव साहित्यकार रवि पुरोहित ने बताया कि श्रीमती किरण ने 'राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यताः एक राजनीतिक अध्ययन' विषय पर अपना शोध डॉ.विशाल भट्टाचार्य सहायक प्रोफेसर के निर्देशन में पूर्ण किया है। जीवन का ध्येय राजस्थानी के सर्वांगीण विकास को बताते हुए राजस्थानी मान्यता आंदोलन का हिस्सा रही शोधार्थी किरण राजपुरोहित ने अलंकरण समारोह में कहा कि 8 करोड़ राजस्थानियों की मातृभाषा में शिक्षा व रोजगार उनका मौलिक अधिकार है लेकिन राजनीतिक उपेक्षा के कारण तमाम प्रयासों के बाद भी राजस्थानी को आजादी के 80 वर्षों बाद भी संवैधानिक मान्यता नहीं है। प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा राजस्थानी की बजाय हिंदी व अंग्रेजी होने से राजस्थानी बालक का नैसर्गिक विकास अवरुद्ध होता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में राजस्थानी भाषा , इतिहास व संस्कृति के प्रश्न न होने से राजस्थानी अभ्यर्थी अपने ही राज्य की नौकरी में नहीं आ पाता। सभी पदों पर अन्य भाषायी अभ्यर्थी ही आते हैं । इसलिए राजस्थान दूसरे मातृभाषी प्रेमी राज्यों जैसा विकास नहीं कर पाया बल्कि स्कूल ड्रॉप आउट, बेरोजगारी व पलायन बढा है। राजस्थान प्रदेश का विकास राजस्थानी न होने के कारण बहुत प्रभावित हुआ है ।

साहित्यकार श्याम महर्षि ने कहा कि ज्यूं सैंणी तितली, कांठळ, नेव निवाळी, गुड़िया रा बाळ, आंख्यां आळा आंधा अर झर-झर निर्झर आदि आधे दर्जन से अधिक साहित्यिक पुस्तकों की रचयिता डॉ. किरण राजपुरोहित की यह उपलब्धि मातृभाषा में शिक्षा, शोध, व्यक्तित्व विकास एवं राज्य के संवैधानिक अधिकार क्षेत्र में प्रेरणादायक उपलब्धि है। राजपुरोहित की इस उपलब्धि पर मरूभूमि के निदेशक डॉ. बी. एल. भादानी, डॉ. मदन सैनी, डॉ. गजादान चारण, डॉ. चेतन स्वामी, रामचन्द्र राठी, विजय महर्षि, महावीर माली, श्रीभगवान सैनी, भगवती पारीक, सरोज शर्मा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर इसे संस्था के लिए गौरव बताया।

## जुलाई में ही होगा अगस्त एवं सितंबर माह के लिए आवंटित गेहूं का उठाव भी

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने अगस्त एवं सितंबर माह के गेहूं का वितरण जुलाई में ही किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। जिला रसर अधिकारी नरेश शर्मा के बताया कि पूर्व में जुलाई माह के आवंटित गेहूं का शत-प्रतिशत उठाव 15 जुलाई, 2026 तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। अब संशोधित व्यवस्था के तहत अगस्त एवं सितंबर माह के लिए आवंटित गेहूं का वितरण भी जुलाई के वितरण के साथ ही करना होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उचित मूल्य दुकानदारों को भी समयबद्ध उठाव एवं वितरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

## जिला स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** जन्म-मृत्यु पंजीकरण के अंतर्गत जिला स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय समिति (आईडीसीसी) की बैठक 7 जुलाई को प्रातः 11 बजे जिला कलक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक एवं जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) धर्मपाल सिंह खीचड़ ने बताया कि बैठक में जिले में जन्म-मृत्यु पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पंजीकरण से जुड़े विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने तथा शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे उपायों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। होगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक सूचनाओं एवं प्रगति विवरण के साथ निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने को कहा है।

## विश्व जूनोसिस दिवस पर कोटड़ा में पशु स्वास्थ्य शिविर, ब्रुसेलोसिस रोकथाम के लिए किसानों को किया जागरूक

### 50 भेड़ों के रक्त नमूने लिए गए, 45 किसानों ने लिया प्रशिक्षण; विशेषज्ञों ने पशुजन्य रोगों से बचाव के बताए उपाय

(खबर आस पास)

**श्रेयांस बैद बीकानेर।** पशु और मानव स्वास्थ्य को एक-दूसरे से जुड़ा मानने वाली *'वन हेल्थ'* अवधारणा को साकार करने की दिशा में विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर बीकानेर जिले के कोटड़ा गांव में पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, ब्रुसेलोसिस की जांच तथा पशुपालकों को पशुजन्य रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ए.आर.सी., आईसीएआर-सीएसडब्ल्यूआरआई, बीकानेर की प्रभारी डॉ. निर्मला सैनी ने की। मुख्य अतिथि एस.पी. मेडिकल कॉलेज, बीकानेर के वरिष्ठ प्रदर्शक एवं नेशनल वन हेल्थ प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ जूनोसिस के सह-अन्वेषक (को-पी.आई.) डॉ. दीप शिखर आचार्य रहे। कार्यक्रम में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आशीष चोपड़ा, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विजय कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार, वैज्ञानिक डॉ. सुमनिल मारवाह, वैज्ञानिक डॉ. चेतन पाटिल एन.डी. तथा तकनीकी सहायक राम सिंह की उपस्थिति रही।

शिविर के दौरान भेड़ों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक उपचार किया गया। विभिन्न झुंडों में ब्रुसेलोसिस की आशंका को देखते हुए 50 भेड़ों के रक्त नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर जांच और निगरानी से इस रोग की रोकथाम में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। जागरूकता सत्र में किसानों को ब्रुसेलोसिस सहित अन्य जूनोटिक (पशुजन्य) रोगों की जानकारी देते हुए बताया गया कि ये रोग पशुओं से मनुष्यों में भी फैल सकते हैं। विशेषज्ञों ने गर्भपातित भ्रूण एवं अन्य जैविक अपशिष्टों के सुरक्षित निस्तारण, संक्रमित पशुओं के पृथक प्रबंधन, स्वच्छता बनाए रखने तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. दीप शिखर आचार्य ने कहा कि ब्रुसेलोसिस एक गंभीर लेकिन रोकथाम योग्य रोग है। पशुपालकों की जागरूकता, समय पर जांच और वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों को अपनाकर इस संक्रमण के प्रसार को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को मानव ब्रुसेलोसिस के लक्षणों, बचाव और उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। कार्यक्रम में कुल 45 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। शिविर के माध्यम से पशु एवं मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सामूहिक जागरूकता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यालय में मुखर्जी को द्वीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित करके स्मरण किया,राष्ट्र प्रथम के संकल्प को दोहराया

**श्रीडूंगरगढ़। बीकानेर तोलाराम मारू ।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद एवं महान देशभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी श्रीडूंगरगढ़ द्वारा भाजपा कार्यालय में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक ताराचंद सारस्वत सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान का स्मरण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को वर्तमान समय में भी अत्यंत प्रासंगिक बताया और कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया तथा देश की एकता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका प्रसिद्ध संदेश 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' आज भी प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

इस अवसर पर विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 'राष्ट्र प्रथम' का विचार भारतीय जनता पार्टी की मूल प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे डॉ. मुखर्जी के आदर्शों, राष्ट्रसेवा की भावना और संगठन के प्रति समर्पण को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा को पहुँचाने का कार्य करें।

विधायक सारस्वत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज जिन सिद्धांतों और मूल्यों के आधार पर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है, उसकी वैचारिक नींव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महान राष्ट्रपुरुषों ने रखी थी। उनके विचार आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हेमनाथ जाखड़, शहर मंडल अध्यक्ष राधेश्याम दर्जी, मंडल उपाध्यक्ष गजानंद दाधीच, शहर महामंत्री मदन सोनी, महेश राजोतिया, भवानी प्रकाश तावणीया,जगदीश आसोपा, शहर मंत्री महेंद्र पारीक, श्रवण शर्मा, रोहित बोहरा, रामसिंह राजपुरोहित, अशोक सिंह, रामचंद्र नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## बीकानेरः नहर में डूबने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत, खेत में पशु चराने गया था

**बीकानेर (खबर आस पास)।** लूणकरणसर थाना क्षेत्र के भादवा गांव में नहर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने घटना के संबंध में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, भादवा निवासी मुलाराम पुत्र पूराराम मेघवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका 45 वर्षीय पुत्र गोर्धनराम खेत में पशु चराने गया था। प्यास लगने पर वह नहर में पानी पीने गया, जहां पैर फिसलने से वह नहर में गिरकर डूब गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलने पर लूणकरणसर पुलिस मौके पर पहुंची। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इस संबंध में बीएनएसएस की धारा 194 के तहत मर्ग दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच महेश कुमार कर रहे हैं।

## नसीराबाद अस्पताल में चिकित्सा सुविधाएं उपबल्ध कराने की मांग

(खबर आस पास)

**नसीराबाद ।** नसीराबाद छावनी परिषद पूर्व चेयरमैन व एम आर एस सदस्य योगेश सोनी ने राजस्थान सरकार के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को पत्र प्रेषित कर नसीराबाद के राजकीय सामान्य चिकित्सालय में मरीजों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपबल्ध कराने की मांग प्रेषित पत्र में सोनी ने बताया कि नसीराबाद एक महत्वपूर्ण उपजिला मुख्यालय है, जहाँ नसीराबाद शहर सहित आसपास के अनेक गाँवों की बड़ी आबादी उपचार के लिए राजकीय अस्पताल पर निर्भर है। बढ़ती जनसंख्या एवं मरीजों की संख्या को देखते हुए अस्पताल में कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। इससे मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनहित एवं क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराना आवश्यक है।सोनी ने मांग की अस्पताल भवन की आवश्यक मरम्मत करवाई जाए, आईसीयू तक मरीजों के सुरक्षित आवागमन हेतु लिफ्ट की स्थापना की जाए, दवाइयों एवं चिकित्सा उपकरणों के सुरक्षित भंडारण हेतु आधुनिक स्टोर का निर्माण कराया जाए, मरीजों एवं विशिष्ट रोगियों की सुविधा के लिए कॉटेज वार्ड का निर्माण कराया जाए। अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना की जाए, ताकि दुर्घटना, प्रसूति एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध हो सके।आवश्यक चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कार्मिकों के रिक्त पद शीघ्र भरे जाएँ।अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ।

## पीबीएम में फिर मातम : सिजेरियन के बाद प्रसूता की मौत, नवजात पहले ही तोड़ चुका था दम, एक घर के दो चिराग बुझे

(आयुष-अन्तिमा नेटवर्क)

**बीकानेर (खबर आस पास):** प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल पीबीएम एक बार फिर लापरवाही के आरोपों में घिर गया है। जनाना वार्ड में सिजेरियन डिलीवरी के बाद एक प्रसूता की मौत हो गई। दर्दनाक बात ये है कि डिलीवरी से पहले ही उसके नवजात की मौत हो चुकी थी। एक ही परिवार में 24 घंटे के अंदर मां-बेटे दोनों की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

**क्या था पूरा मामला**

पीड़ित परिवार के अनुसार 3 जुलाई को लाली की जनाना अस्पताल में सिजेरियन से डिलीवरी हुई थी। ऑपरेशन के बाद उसे तेज रक्तस्राव शुरू हो गया। हालत बिगड़ने पर उसे आनन-फानन में ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में शिफ्ट कर वेंटिलेटर पर रखा गया। डॉक्टरों के मुताबिक इलाज के दौरान उसे कार्डियक अरेस्ट आया। सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की गई, लेकिन रविवार देर रात उसने दम तोड़ दिया।

**अस्पताल की व्यवस्था पर फिर उठे सवाल**

पिछले कुछ दिनों से पीबीएम हॉस्पिटल लगातार विवादों में है। कभी दवाओं की कमी, कभी स्टाफ की लापरवाही और अब प्रसूता व नवजात की मौत। इस घटना के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतका का शव मोर्चरी पहुंचते ही बड़ी संख्या में परिजन और समाज के लोग जमा हो गए। सभी ने मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की।

**नेता पहुंचे, दो अन्य की हालत गंभीर**

सूचना मिलने पर कांग्रेसी नेता रामनिवास कूकना भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को प्रशासन के सामने रखा जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाया जाएगा। अस्पताल सूत्रों के अनुसार इसी मामले से जुड़ी दो अन्य महिलाओं में से कमला मेडिसिन आईसीयू में भर्ती है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं इमरती को बेहतर इलाज के लिए जोधपुर एम्स रेफर किया गया है। मां और नवजात की मौत के बाद अब पीबीएम में जवाबदेही तय करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

## कैफिनेटेड बेवरेज स्टिंग एनर्जी तथा एड्रीनलीन रश एनर्जी ड्रिंक के 28278 कैन किए सीज

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन में जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खारा रोड स्थित वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के गोदाम पर निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा केफेनेटेड बेवरेज स्टिंग एनर्जी तथा एड्रीनलीन रश एनर्जी ड्रिंक के तीन नमूने एफएसएसआई एक्ट के तहत लिया जाकर 28278 बॉटल/कैन को सीज़ किया गया। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एफएसएसएआई) के अनुसार कैफीनेटेड बेवरेजेस पर स्टीमूलेट्स माइंड, एनरर्जाइज बॉडीज, एनर्जी ड्रिंक, स्पोर्ट्स ड्रिंक इत्यादि का लेबल पर उल्लेख करना भ्रामक प्रचार की श्रेणी में आता है। गौरतलब है कि एफएसएसएआई द्वारा नामी बेवरेज ब्रांडों को इस संबंध में नोटिस दिया जाकर जवाब मांगा गया है। यह एनर्जी ड्रिंक जिसमें कैफीन की मात्रा अधिक होती है गर्भवती महिला, लेक्टेटिंग मदर तथा बच्चों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। लिए गए नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बीकानेर भिजवाया जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियम अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उपरोक्त कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार तथा राकेश गोदारा द्वारा की गई।

## पंचायती राज चुनाव की तैयारी में जुटी आपः बीकानेर में संगठनात्मक बैठक, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

(आयुष-अन्तिमा नेटवर्क)

**बीकानेर (खबर आस पास):** आम आदमी पार्टी ने आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार रात बीकानेर के रिड़मलसर सिपाहियान स्थित डोंगरी चाय, शरीफ भाई की दुकान के सामने पार्टी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्थान के सह-प्रभारी त्रिलोक दीप ने कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ना और जनसंपर्क अभियान को गति देना रहा। त्रिलोक दीप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी जनता के मुद्दों की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता गांव, ढाणी और वार्ड तक पहुंचकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आमजन तक पहुंचाए और स्थानीय समस्याओं को मजबूती से उठाए। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है, इसलिए हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निष्ठा से निभाए। जिलाध्यक्ष मोहन सिंह राठौड़ ने कहा

कि पार्टी आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीमों का गठन किया जाएगा और युवाओं, महिलाओं व आम नागरिकों को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। जिला महासचिव प्रो.सलवीर समेजा ने कहा कि संगठन की असली ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने घर-घर जनसंपर्क कर आमजन की समस्याएं सुनने और पार्टी की जनहितकारी नीतियों को हर परिवार तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, बूथ समितियों के गठन, वार्ड स्तर पर नियमित बैठकों के आयोजन और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत बनाकर चुनाव में पूरी ऊर्जा से काम करने का संकल्प लिया। बैठक में संगठन मंत्री राजेश बिश्नोई, लकी जुनेजा, सलमान जुनेजा, अरमान सम्भा, राजकुमार धवल, कृष्णा पंडित, अब्दुल रहमान, आबिद, आदिल, आमिर, अकरम, आसिफ, शरीफ, इमरान, फारूक, मकसूद, शाहरुख सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।